**CBSE Class 09 - Hindi B**

**आदर्श प्रश्न पत्र - 05 (2020-21)**

**Maximum Marks: 80**

**Time Allowed: 3 hours**

**General Instructions:**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं।
- सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

**खंड - क (अपठित गद्यांश)**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

   संविधान लागू होने के पंद्रह वर्षों में हिन्दी को अंग्रेज़ी का स्थान ग्रहण करना था, पर ऐसा प्रतीत होता है कि राष्ट्रभाषा के विकास के लिए सरकार और जनता द्वारा जो प्रयत्न किए गए हैं वे किसी प्रकार से भी संतोषजनक नहीं हैं। कुछ नए विभागों के हिन्दी में नाम रख देने से या विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं में हिन्दी में उत्तर देने की सुविधा से राष्ट्रभाषा हिन्दी का विकास नहीं हो सकता। आज भी हिन्दी में पत्र लिखते हुए जब हम पता लिखने बैठते हैं तो ज़रा सोच में पड़ जाते हैं कि पत्र भटकता तो नहीं रहेगा। अनेक सरकारी अथवा सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रभाषा का अशुद्ध प्रयोग देखते हैं। हिन्दी का खालिस प्रयोग तो अत्यन्त दुर्लभ है। हिन्दी अध्यापकों के भी छात्रों को पढ़ाते हुए अनावश्यक स्थानों पर अंग्रेजी का प्रयोग करते देखा गया है।

   i. राष्ट्रभाषा का अशुद्ध प्रयोग कहाँ-कहाँ देखने को मिलता है? (2)
   ii. राष्ट्रभाषा के विकास की प्रक्रिया में हम किसे संतोषजनक नहीं मान सकते? (2)
   iii. हिन्दी में पत्र पर पता लिखते समय हम किस सोच में पड़ जाते हैं? (2)
   iv. हिंदी को कब तक अंग्रेजी का स्थान ग्रहण करना था? (2)
   v. 'अत्यंत' शब्द में संधि-विच्छेद करिये। (1)
   vi. भारत का संविधान कब लागू हुआ था? (1)

**खंड - ख (व्याकरण)**

2. वाक्य में प्रयुक्त ________ कोई-न-कोई कार्य अवश्य करता है।

   a. शब्द

b. पद और शब्द

c. पद

d. इनमें से कोई नहीं।

3. मोहन ने खाना खाया। इस वाक्य में रेखांकित शब्द की पहचान कीजिए।

a. पद

b. इनमें से कोई नहीं।

c. शब्द और पद दोनों

d. शब्द

4. निम्नलिखित में कौन-सा वर्ण पंचमाक्षर नहीं है?

a. ञ

b. ण

c. ङ.

d. य

5. निम्नलिखित में से अशुद्ध अनुस्वार वाला शब्द चुने -

a. गंगा

b. अंगूठी

c. अंगूर

d. अंबा

6. 'गमन' शब्द को विपरीतार्थक बनाने के लिए किस उपसर्ग का प्रयोग किया जाएगा ?

a. उप

b. प्रति

c. आ

d. अनु

7. कृत प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं ?

a. तीन

b. पांच

c. छह

d. चार

8. 'लिखाई' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयोग किया गया है?

a. आई

b. की

c. खाई

d. ई

9. हिंदी भाषा में प्रयुक्त होने वाले उपसर्गों की संख्या कितनी है ?

a. तीन

b. चार

c. दो

d. एक

10. 'चिर' शब्द का श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द कौन सा है?

a. कपड़ा

b. देर

c. समय

d. चीर

11. 'आचार' शब्द का श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द क्या होगा ?

a. प्रचार

b. विचार

c. अचार

d. संचार

12. 'आँख' शब्द का पर्यायवाची बताइए।

a. व्योम

b. शैल

c. पवित्र

d. लोचन

13. 'चाँदनी' शब्द का पर्यायवाची बताइए।

a. कौमुदी

b. उर्मि

c. अभिलाषा

d. अंबु

14. 'खंड' शब्द का विलोम बताइए।

a. विखंड

b. अखंड

c. जीवित

d. कुखंड

15. 'तम' शब्द का विलोम बताइए।

a. कोमल

b. अति

c. प्रकट

d. प्रकाश

16. किस वाक्य के माध्यम से हम अपने भावों को प्रकट करते हैं?

a. इच्छावाचक वाक्य

b. सरल वाक्य

c. विस्मयादिबोधक वाक्य

d. संकेतवाचक वाक्य

17. निम्नलिखित में से कौन अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद नहीं है-

a. प्रश्नवाचक

b. संयुक्त वाक्य

c. संकेतवाचक

d. आज्ञावाचक

**खंड - ग (पाठ्य पुस्तक)**

18. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: (6 अंक)

a. दुःख का अधिकार पाठ के आधार पर बताइए पोशाक हमारे लिए कब बन्धन और अड़चन बन जाती है?

b. यदि अतिथि पाँचवें दिन भी रुक जाता तो लेखक की क्या दशा हो सकती थी?

c. धर्म की आड़ पाठ के आधार पर गाँधी जी के धर्म सम्बन्धी विचार लिखिए।

19. दुःख का अधिकार पाठ के आधार पर बताइए लेखक ने हमारी किन कुरीतियों और कुसंस्कारों की ओर संकेत किया है?

OR

आशय स्पष्ट कीजिए- एवरेस्ट जैसे महान अभियान में खतरों को और कभी-कभी तो मृत्यु को भी आदमी को सहज भाव से स्वीकार करनी चाहिए।

20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: (6 अंक)

    a. पहले पद में भगवान और भक्त की जिन-जिन चीजों से तुलना की गई है, उनका उल्लेख कीजिए। रैदास के पद के आधार पर उत्तर दीजिए।

    b. कवि रहीम ने मूल को सींचने की सीख किस संदर्भ में दी है और क्यों?

    c. सुखिया को बाहर खेलते जाता देख उसके पिता की क्या दशा होती थी और क्यों? एक फूल की चाह कविता के आधार पर बताइए।

21. रहीम के दोहे के आधार पर बताइए कि आप तालाब के जल को श्रेष्ठ मानते हैं या सागर के जल को और क्यों?

OR

पिता को सुखिया की अंतिम इच्छा पूरी करने में क्या-क्या कठिनाइयाँ आई? एक फूल की चाह कविता के आधार पर लिखिए।

22. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: (6 अंक)

    a. सोनजुही मे लगी पीली कली के देख लेखिका के मन में कौन से विचार उमड़े लगे?

    b. काश में अपने मुल्क में आकर यह सब अपनी आँखों से देख सकता- हामिद ने ऐसा क्यों कहाँ?

    c. सरदार पटेल की गिरफ्तारी का देश पर क्या असर हुआ?

**खंड - घ (लेखन)**

23. **मेट्रो रेल-महानगरीय जीवन का सुखद सपना** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए।

OR

**कम्प्यूटर : आज के युग की जरूरत** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दो में अनुच्छेद लिखिए।

24. अच्छे मित्र बनाने की प्रेरणा देते हुए अनुज को पत्र लिखिए।

OR

अपनी दीदी व जीजा जी को विवाह की दसवीं वर्षगाँठ पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

25. आपके प्रिय अध्यापक का जन्मदिन है। इस शुभ अवसर पर 30-40 शब्दों में एक संदेश तैयार कीजिए।

**OR**

कोरोना महामारी बचाव हेतु सरकार द्वारा संदेश लिखिए।

26. प्रदूषण के आधार पर दो व्यक्तियों की बातचीत को 50 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।

**OR**

परीक्षा निकट आने पर दो मित्रों के बीच संवाद को 50 शब्दों में लिखिए।

27. आत्मनिर्भर भारत अभियान पर 20-30 से शब्दों में एक नारा लिखिए।

**OR**

कोरोना योद्धाओं के हौसले को नमन करते हुए 20-30 से शब्दों में एक नारा लिखिए।

**9 Hindi B SP-05**

**Class 09 - Hindi B**

## Solution

### खंड - क (अपठित गद्यांश)

1. i. सरकारी अथवा सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रभाषा का अशुद्ध प्रयोग देखने को मिलता है।
   ii. राष्ट्रभाषा के विकास के लिए सरकार और जनता द्वारा जो प्रयत्न किए गए हैं, उन्हें हम किसी भी प्रकार से संतोषजनक नहीं मान सकते।
   iii. हिन्दी में पत्र पर पता लिखते समय हम इस सोच में पड़ जाते हैं कि पत्र कहीं भटकता तो नहीं रहेगा।
   iv. संविधान लागू होने के पंद्रह वर्षों में हिन्दी को अंग्रेजी का स्थान ग्रहण करना था।
   v. अति + अंत।
   vi. 26 जनवरी 1950

### खंड - ख (व्याकरण)

2. (c) पद

   Explanation: पद - लिंग, वचन, कारक आदि के अनुसार।
3. (a) पद

   Explanation: पद - संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन।
4. (d) य

   Explanation: य वर्ण पंचमाक्षर नहीं हैI वर्गों के पाँचवें वर्ण को पंचमाक्षर कहा जाता है। शब्द में इनके स्थान पर ही अनुस्वार या बिंदु (ं) का प्रयोग होता है।
5. (b) अंगूठी

   Explanation: अंगूठी, शुद्ध =-अँगूठी
6. (c) आ

   Explanation: आ (आगमन =आना, गमन = जाना)
7. (b) पांच

   Explanation: पांच (कृर्तवाचक, कर्मवाचक, करणवाचक, भाववाचक, क्रियावाचक)
8. (a) आई

   Explanation: आई (लिख्+आई)
9. (a) तीन

   Explanation: तीन (संस्कृत,हिंदी,आगत)
10. (d) चीर

    Explanation: 'चिर' शब्द और 'चीर' शब्द सुनने में एक जैसे और अर्थ में भिन्न हैं।

11. (c) अचार

    Explanation: अचार-आचार श्रुतिसम- भिन्नार्थक शब्द युग्म हैं क्योंकि ये उच्चारण में एक से परन्तु अर्थ में भिन्न हैं ।

12. (d) लोचन

    Explanation: आँख-लोचन

13. (a) कौमुदी

    Explanation: चाँदनी - कौमुदी

14. (b) अखंड

    Explanation: खंड- अखंड

15. (d) प्रकाश

    Explanation: तम-प्रकाश

16. (c) विस्मयादिबोधक वाक्य

    Explanation: जिस वाक्य के माध्यम से हम अपने भावों को प्रकट करते हैं, उसे विस्मयादिबोधक वाक्य कहते हैं। उदाहरण:- तुमने तो बहुत अच्छा काम किया।

17. (b) संयुक्त वाक्य

    Explanation: संयुक्त वाक्य रचना के आधार पर वाक्य का भेद है, अर्थ के आधार पर नहीं।

**खंड - ग (पाठ्य पुस्तक)**

18. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: (6 अंक)

    a. जब हम अपने से कम हैसियत रखने वाले मनुष्य के साथ बात करते हैं तो हमारी पोशाक हमें ऐसा नहीं करने देती। हम स्वयं को बड़ा मान बैठते हैं और सामने वाले को छोटा मानकर उसके साथ बैठने तथा बात करने में संकोच का अनुभव करते हैं।

    b. यदि अतिथि पाँचवें दिन भी रुक जाता तो लेखक की बची-खुची सहनशक्ति भी जवाब दे जाती। वह आतिथ्य के बोझ को और न सह पाता। डिनर से उतरकर खिचड़ी से होते हुए उपवास करने की स्थिति आ जाती। वह किसी भी स्थिति में अतिथि का सत्कार न कर पाता।

    c. महात्मा गाँधी अपने जीवन में धर्म को महत्त्वपूर्ण स्थान देते थे। वे एक कदम भी धर्म-विरुद्ध नहीं चलते थे। परन्तु उनके लिए धर्म का अर्थ था-ऊँचे विचार तथा मन की उदारता। वे 'कर्तव्य' पक्ष पर जोर देते थे। वे धर्म के नाम पर हिन्दू-मुस्लमान की कट्टरता के फेर में नहीं पड़ते थे। इस प्रकार से कर्तव्य ही उनके लिए धर्म था।

19. लेखक ने इस कहानी में समाज की कुछ कुरीतियों की ओर संकेत किया है। जैसे-यदि किसी के यहाँ मृत्यु का सूतक हो तो उसे काम नहीं करना चाहिए। उसके हाथ से चीज भी नहीं खरीदनी चाहिए क्योंकि उसके स्पर्श से वस्तु दूषित हो जाती है, और खाने वाले का ईमान-धर्म नष्ट हो जाता है।

    लेखक ने समाज के इस कुसंस्कार का भी संकेत किया है कि झाड़-फूँक करने वाले ओझा को पूजा के नाम पर बहुत दान-

दक्षिणा दे दी जाती है, भले ही घर में कुछ भी शेष न रहे।
इसी प्रकार हाथ के गहने तक बेचकर मुर्दे के लिए कफन खरीदना पड़े इसे भी लेखक कुरीति मानता है, वैसे गरीब विवश लोगों के प्रति घृणा की भावना और उन्हें नीच या कमीना कहना स्वयं में एक बहुत बड़ा कुसंस्कार है। इसका संकेत भी लेखक ने दिया है।

OR

शेरपा कुलियों में से एक की मृत्यु व चार के घायल होने की खबर सुन यह कथन कर्नल खुल्लर ने कहा। एवरेस्ट दुनियाँ की सबसे ऊँची चोटी है और इस पर चढ़ना कोई आसान काम नहीं है। इसलिए कर्नल खुल्लर ने अभिय सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि महान् उद्देश्य की पूर्ति के लिए खतरों का सामना करना पड़ता है और मृत्यु को भी गले लगाना पड़ सकता है। इस तरह की परिस्थितियों का सहज भाव से सामना करना चाहिए। मृत्यु इस उद्देश्य के सामने छोटी है।

20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये: (6 अंक)

   a. पहले पद में भक्त ने ईश्वर के प्रति अपने भक्ति भाव को व्यक्त करने के लिए कई चीजों के बीच तुलना की है। रैदास के पहले पद में भगवान और भक्त की चंदन-पानी, घन-वन-मोर, दीपक-बाती, मोती-धागा, सोना-सुहागा आदि से तुलना की गयी है। भक्त भक्ति के माध्यम से प्रभु के नाम की लगन में रम जाना चाहता है और इसीलिये वह किसी भी प्रकार अथवा रूप में भगवान से जुड़ना चाहता है।

   b. कवि रहीम ने मनुष्य को यह सीख दी है कि वह तना, पत्तियाँ, शाखा, फूल आदि को पानी देने के बजाय पौधे की जड़ों को ही पानी दे। इससे पौधा खूब फलता-फूलता है। यह सीख कवि ने एक बार में एक ही काम पर मन लगाकर परिश्रम करने के संदर्भ में दी है।

   c. सुखिया को बाहर खेलते जाता देखकर सुखिया के पिता का हृदय काँप उठता था। उसके मन को एक अनहोनी-सी आशंका भयभीत कर रही थी, क्योंकि उसकी बस्ती के आसपास महामारी फैल रही थी। उसे बार-बार डर सता रहा था कि कहीं उसकी पुत्री सुखिया भी महामारी की चपेट में न आ जाए। वह इस महामारी से अपनी पुत्री को बचाए रखना चाहता था।

21. रहीम ने अपने दोहे में सागर में स्थित विशाल मात्रा वाले जल और तालाब में स्थित लघु मात्रा में कीचड़ वाले जल का वर्णन किया है। इन दोनों में मैं भी तालाब वाले पानी को श्रेष्ठ मानता हूँ। यद्यपि समुद्र में अथाह जल होता है, परंतु उसके किनारे जाकर भी जीव-जंतु प्यासे के प्यासे लौट आते हैं। दूसरी ओर तालाब में स्थित कीचड़युक्त पानी विभिन्न प्राणियों की प्यास बुझाने के काम आता है। अपनी उपयोगिता के कारण यह पंकिल जल सागर के खारे जल से श्रेष्ठ है।

OR

पिता को सुखिया की अंतिम इच्छा पूरी करने में निम्नलिखित कठिनाइयाँ आईं :-

   i. सुखिया के पिता को मंदिर के प्रसाद का एक फूल लाना था, अतः वह निराशा में डूब गया, क्योंकि वह सामाजिक

स्थिति को जानता था।

ii. मंदिर में जैसे ही उसने पुजारी से प्रसाद लिया तभी कुछ लोगों ने उसे पहचान लिया और उन्होंने उसे खूब मारा-पीटा। मंदिर में पुजारी से मिला प्रसाद नीचे बिखर गया।

iii. न्यायालय से दण्ड दिया गया।

iv. वह पुत्री को प्रसाद का फूल न दे सका और उसके घर पहुँचने से पहले ही वह स्वर्ग सिधार गई।

22. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: (6 अंक)

a. छायावाद के दौर के अग्रगण्य रचनाकारों में महादेवी का अपना एक अलग स्थान है। महादेवी की लेखनी में पाठकों को भाव-विभोर कर देने की क्षमता रही है। लेखिका द्वारा प्रस्तुत प्रकरण उनकी प्रसिद्ध कहानी 'गिल्लू' से लिया गया है। गिल्लू एक गिलहरी है। कुछ समय उनके पास रहने के बाद गिल्लू की मृत्यु हो जाती है। प्रस्तुत पंक्तियों में लेखिका सोनजुही के पीले फूलों को देखकर इसी गिलहरी की सुनहरी यादों में खो जाती हैं जिससे उनकी काफी निकटता रही थी या एक तरह से कहा जाय कि उस गिलहरी को महादेवी जी ने अपने घर के एक सदस्य की तरह ही पाला था।

b. जब हामिद खाँ जी को पता चला कि लेखक हिंदू है, परंतु हमिद खाँ जी मुसलमान थे। इसलिए हमिद खाँ ने लेखक से पुछा कि क्या वे मुसलिम होटल में खाएँगे। लेखक ने हामिद खाँ को बताया कि हमारे देश में हिंदू मुसलमान में कोई भेदभाव नहीं होता है। बिना किसी रोक-टोक के मुसलमान होटल में खाया करते हैं एवं सभी लोग मिल जुल कर रहते हैं। भारत में मुसलमानों की पहली मस्जिद का निर्माण लेखक के ही राज्य में हुआ था। वहाँ हिंदू मुसलमानों के बीच दंगे नहीं होते एवं मिल जुल कर रहते हैं। हम सब बराबर है। हामिद को विश्वास नहीं हुआ क्योंकि उसके यहाँ ऐसा नही था। वह सब अपनी आँखों से देखना चाहता था इसलिए उसने उपर्युक्त कथन को कहा।

c. सरदार पटेल की गिरफ्तारी से देश भर में प्रतिक्रिया हुई। दिल्ली में मदन मोहन मालवीय ने एक प्रस्ताव द्वारा इसके लिए सरकार की भर्त्सना की। प्रस्ताव के लिए अनेक नेताओं ने अपनी राय सदन में रखी तथा इसे अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता पर खतरा बताया गया।

## खंड - घ (लेखन)

23. दिल्ली की यातायात व्यवस्था में क्रांति लाने का श्रेय मेट्रो रेल सेवा को है। 24 दिसम्बर, 2002 को दिल्लीवासियों के सुखद स्वप्न का साकार होना प्रारम्भ हुआ। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली की पहली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का शुभारम्भ किया। इस मेट्रो रेल का विस्तार बरवाला तक हो गया है अर्थात् शाहदरा से चलकर तीसहजारी, शास्त्री नगर, इन्द्रलोक, रोहिणी, रिठाला होती हुई यह ट्रेन बरवाला तक सेवा प्रदान कर रही है। 19 दिसम्बर, 2004 को दिल्ली मेट्रो ने एक नया इतिहास रचा। इस दिन कश्मीरी गेट से दिल्ली विश्वविद्यालय तक विश्व की सबसे सुरक्षित और प्रौद्योगिक रूप से उन्नत भूमिगत मेट्रो ट्रेनों का शुभारम्भ हुआ। 4 किमी. की यह दूरी 6 मिनट में तय हो जाती है।
मेट्रो ट्रेन का तीसरा खंड कस्तूरबा गाँधी मार्ग (कनॉट प्लेस) से द्वारका तक है। इसके द्वारा, उत्तम नगर, जनकपुरी, तिलक नगर, राजौरी गार्डन, कीर्ति नगर, पटेल नगर, करोलबाग आदि क्षेत्र कनॉट प्लेस से जुड़े हैं। कश्मीरी गेट से चावड़ी बाजार

होते हुए नई दिल्ली को भूमिगत ट्रेन के द्वारा जोड़ा गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल के अनुसार दिल्ली मेट्रो ने 2021 तक 245 किमी. लम्बे मेट्रो रेल लाइनें बिछाने का मास्टर प्लान तैयार किया है। इस योजना के पूरा होने के बाद दिल्ली ऐसा शहर हो गया है जहाँ न सिर्फ खंभों पर बल्कि जमीन के नीचे सुरंगों में मेट्रो रेल चलती है।
21वीं सदी में भारत को विश्व स्तर का पब्लिक सिस्टम उपलब्ध हो रहा है। इससे पर्यावरण और लोगों की जरूरतें पूरी होने के साथ-साथ दूसरे देशों से आयात होने वाले ईंधन पर भी देश की निर्भरता कम होती चली जाएगी।

OR

वर्तमान युग कम्प्यूटर का युग है। आज जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में कम्प्यूटर का प्रवेश हो गया है। बैंक, रेलवे-स्टेशन, हवाईअड्डे, डाकखाने, बड़े-बड़े उद्योग, कारखाने, व्यवसाय, हिसाब-किताब, रुपये गिनने की मशीनें तक कम्प्यूटरीकृत हो गई हैं। आने वाला समय इनके विस्तृत फैलाव का संकेत दे रहा है। आज मनुष्य-जीवन जटिल हो गया है। व्यक्ति के सम्पर्क बढ़ रहे हैं, व्यापार बढ़ रहे हैं; गतिविधियाँ बढ़ रही हैं, आकांक्षाएँ बढ़ रही हैं, साधन बढ़ रहे हैं। परिणामस्वरूप सब जगह भागदौड़ और आपाधापी चल रही है। इस 'पागल गति' को सुव्यवस्था देने की समस्या आज की प्रमुख समस्या है।
कम्प्यूटर एक ऐसी स्वचालित प्रणाली है, जो कैसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में बदल सकती है। क्रिकेट के मैदान में अंपायर की निर्णायक-भूमिका हो, या लाखों-करोड़ों-अरबों की लम्बी-लम्बी गणनाएँ, कम्प्यूटर पलक झपकते ही आपकी समस्या हल कर सकता है। कम्प्यूटर ने फाइलों की आवश्यकता कम कर दी है। विश्व के किसी कोने में छपी पुस्तक, फिल्म, घटना की जानकारी इंटरनेट पर ही उपलब्ध हो जाती है। एक समय था, जब कहते थे कि विज्ञान ने संसार को कुटुम्ब बना दिया है। कम्प्यूटर ने तो मानो उस कुटुम्ब को आपके कमरे में उपलब्ध करा दिया है। इस प्रकार कम्प्यूटर ने मानव-जीवन को सुविधा, सरलता सुव्यवस्था और सटीकता प्रदान की है।

24. प्रिय गौतम

सदा प्रसन्न रहो।

यहाँ सब कुशलपूर्वक हैं। आशा है तुम स्वस्थ और प्रसन्न होगे। कल ही तुम्हारे छात्रावास के अधीक्षक का पत्र पिताजी को प्राप्त हुआ, जिसे पढ़कर उन्हें बहुत चिन्ता हुई। पत्र में उन्होंने लिखा है कि आपका बेटा आजकल कुसंगति में पड़ गया है। भाई, ध्यान रखो कि कुसंगति से मनुष्य पतन की ओर चला जाता है और अपने लक्ष्य से भटक जाता है। यदि कोई उसे भटकने से बचा सकता है तो वह है, एक अच्छा मित्र। अतः भाई अभी से बुरी संगत त्यागकर अपने लिए एक अच्छा मित्र खोजो। मुझे आशा है कि तुम शीघ्र अपने लिए अच्छा मित्र खोजकर अपने लक्ष्य की ओर उन्मुख होओगे।

तुम्हारा बड़ा भाई

गोविन्द सिंह

P-143,

मोदी नगर नई दिल्ली।

OR

परीक्षा भवन,

दिल्ली

दिनांक- 05-03-2019

आदरणीय जीजाजी एवं प्रिय दीदी,

सादर प्रणाम।

मैं यहाँ पर सकुशल हूँ और आशा करता हूँ कि आप भी सपरिवार कुशल से होंगे। दिनांक 06 अगस्त को आप दोनों के विवाह की दसवीं वर्षगाँठ है। कृपया इस अवसर पर मेरी बधाई स्वीकार करें। मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता हूँ कि आपका जीवन खुशियों से भरा-पूरा एवं स्वस्थ सम्पन्न रहे।

प्रिय रिंकू और मनु को मेरा हार्दिक स्नेह देना। जीजाजी आप से तथा बच्चों से मिलने को बहुत मन हम सबका कर रहा है। कृपया समय निकालकर दीदी को साथ लेकर एक-दो दिन के लिए आ जाएँ। मम्मी-पापा भी आप सबसे मिलकर अति प्रसन्न होंगे।

आशा है आप आने का कार्यक्रम अवश्य बनाएँगे। परिवार में सभी बड़ों को प्रणाम एवं छोटों को स्नेह दें।

आपका छोटा भाई,

गोविन्द सिंह संधू

25.

**संदेश**

30 जून, 2020

पूज्य अध्यापक

छात्र प्रिय, कर्मठ, छात्रों के प्रेरणास्रोत

नवीन गोविन्दम् विद्यालय, पालम के

हिंदी विषय के अध्यापक

**श्री त्रिभुवन शर्मा जी**

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ।

आपकी वजह से मेरी रुचि हिंदी भाषा में हो पाई I

मैं आपके मंगलमय भविष्य की कामना करता हूँ।

प्रवीण

कक्षा 9 वीं ब

OR

**संदेश**

23 मार्च, 2020

प्रात:- 8:00 बजे

प्रिय देशवासियों

आप सभी से कोरोना काल के दौरान घर में रहने का आग्रह है। कोरोना महामारी के कारण आज संपूर्ण संसार त्रस्त है जिसमें भारत भी अछूता नहीं है। आप सभी एक-दूसरे से सामाजिक दूरी बना कर रखें, सदैव मुँह व नाक को ढक कर रखे एवं बार-बार हाथ धोएँ। सभी के जीवन की मंगलकामना के साथ।
स्वास्थ्य मंत्रालय

26. **मनोज** : अरे मित्र! सुबह-सुबह कहाँ से आ रहे हो?

**रणबीर** : थोड़ी देर के लिए भ्रमण करने निकला था, पास के पार्क से आ रहा हूँ।

**मनोज** : आजकल तो शुद्ध वायु का मानो अकाल ही पड़ गया है। बस सुबह-सुबह इसका थोड़ा आनंद लिया जा सकता है। दिन भर तो प्रदूषित वायु में ही साँस लेनी पड़ती है।

**रणबीर** : बिल्कुल ठीक कह रहे हो, मित्र! शहरों में प्रदूषण इस हद तक बढ़ गया है कि जीना मुश्किल हो गया है। इस प्रदूषण से लोगों का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

**मनोज** : हाँ! साँस, त्वचा, आँख तथा पेट के रोग बढ़ते जा रहे हैं, जिनके बढ़ने का कारण पर्यावरण प्रदूषण भी है।

**रणबीर** : न जाने सरकार इसे रोकने का प्रयास क्यों नहीं करती?

OR

**पवन** - चार मार्च से हमारी परीक्षा शुरू होने वाली है और कुल पंद्रह दिन रह गए। अभी तक मेरी हिंदी की तैयारी भी शुरू नहीं हुई है। क्या करूँ, कुछ समझ में नहीं आता।

**पंकज** - ऐसा क्यों? हिन्दी अच्छी नहीं लगती क्या?

**पवन** - नहीं, ऐसी बात तो नहीं है। पर विज्ञान, गणित और अंग्रेजी की पढ़ाई से फुरसत मिले तब न सामाजिक विज्ञान में भी इतना रटना पढ़ना है कि क्या बताऊँ।

**पंकज** - लेकिन इस प्रकार हिन्दी को ताक पर उठाकर रख देना भी उचित नहीं।

**पवन** - यह तो मैं भी मानता हूँ पर क्या करूँ? अच्छा, अब बताओ, जल्दी-जल्दी इसकी तैयारी कैसे करूँ?

27. विदेशी उत्पादों के बहिष्कार के बदले, उससे बढ़िया उत्पाद बनायेगे।
खुद तो होंगे आत्म निर्भर, अपने देश को भी आत्मनिर्भर बनायेगे।

OR

इनके हौसलों से ही जीतेंगे, कोरोना की ये भीषण जंग
इन कोरोना योद्धाओं को हम, दिल से करते हैं नमन